

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए शुक्रवार, 12 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

## मीनाक्षी नटराजन मामले में सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस को नहीं मिली राहत, अदालत ने दिया ये तर्क

**सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को ख़ारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द किए जाने को चुनौती दी थी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को ख़ारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द किए जाने को चुनौती दी थी.

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना और ख़ारिज कर दिया.

हालांकि अदालत ने उन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव याचिका दायर कर इस फ़ैसले को चुनौती देने की अनुमित दी है.

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ए.एस. चंदूरकर की बेंच ने संविधान के अनुच्छेद 329 में निहित प्रतिबंध का हवाला देते हुए अपने रिट अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया.

बेंच ने याचिकाकर्ता की इस दलील को भी ख़ारिज कर दिया कि नामांकन रद्द करने में हुई 'स्पष्ट और गंभीर' त्रुटियों को सुधारने के लिए अनुच्छेद 32 का सहारा लिया जा सकता है.बेंच ने कहा कि ऐसा कोई सिद्धांत स्वीकार नहीं किया जा सकता, जिसके तहत कुछ मामलों में अदालत सीधे हस्तक्षेप करे और अन्य मामलों में चुनाव न्यायाधिकरण का दरवाज़ा खटखटाने के लिए कहा जाए.



# आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका

प्रिय युवा साथियों

भारत आज एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। यह केवल विकास का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और आत्मविश्वास का युग है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा वर्ग अपने ज्ञान, कौशल, परिश्रम और संकल्प से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएगा।

आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल आर्थिक मजबूती नहीं है, बल्कि विचारों, तकनीक, शिक्षा, उद्यमिता और चरित्र में भी आत्मनिर्भर बनना है। आज का युवा नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बन सकता है। वह स्टार्टअप, नवाचार, कृषि, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया था। वहीं आचार्य चाणक्य का मानना था कि राष्ट्र की समृद्धि उसके जागरूक और कर्मठ नागरिकों पर निर्भर करती है। इसलिए हमें केवल अपने भविष्य के बारे में नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के बारे में भी सोचना होगा।

आज आवश्यकता है कि युवा विदेशी सोच की अंधी नकल छोड़कर भारतीय ज्ञान, भारतीय संस्कृति और भारतीय क्षमताओं पर विश्वास करें। कौशल सीखें, तकनीक अपनाएं, नवाचार करें और समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनें।

आइए संकल्प लें—

स्वदेशी को बढ़ावा देंगे।
कौशल विकास को अपनाएंगे।
नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करेंगे।
राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे।
विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे।

याद रखिए—

*"आत्मनिर्भर युवा ही आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।"*

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो आत्मनिर्भर, समृद्ध, शक्तिशाली और विश्व का मार्गदर्शक बने।

जय हिंद!
वंदे मातरम्!
— सुश्री सुषमा



### होर्मुज में भारतीयों की मौत पर UN ने US को फटकारा, याद दिलाए कायदे-कानून



होर्मुज में अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत के बाद गुरुवार को अमेरिका ने एक बार फिर से इंडियन क्रू वाले जहाज पर हमला किया था. इसके बाद भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया है. वहीं इस मामले में संयुक्त राष्ट्र और IMO का बयान आया है. ओमान के तट पर कमर्शियल जहाजों पर हुए हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक को दूसरी बार तलब किया है. भारत ने अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को तलब किया. गौरतलब है कि गुरुवार को भी अमेरिकी नौसेना ने ओमान तट के पास 20 भारतीय क्रू मेंबर वाले एक जहाज पर हमला किया था. इसके पहले जब अमेरिकी नेवी के हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत हुई थी तब भी भारत ने अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को बुलाकर आपत्ति दर्ज कराई थी.

भारत ने कमर्शियल जहाजों पर हुए हमलों को "बेहद चिंताजनक" बताया है और इस मामले को अमेरिका के सामने सख्ती से उठाया है.

## Himachal: अमेरिका-ईरान संघर्ष ने छीन लिया इकलौता बेटा, अधूरा रह गया आदित्य का पिता से किया ये वादा



ओमान तट के निकट जहाज पर हुए हमले में डैक कैडेट आदित्य शर्मा की मौत ने परिवार को ऐसा जख्म दिया है, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी मई में छुट्टी नहीं मिली थी... कह रहा था पापा, जुलाई में जरूर घर आऊंगा। अब मेरा आदित्य कहां आएगा... यह कहते-कहते आदित्य शर्मा के पिता राजेश कुमार शर्मा का गला भर आया। जिस बेटे के घर लौटने का इंतजार पूरा परिवार कर रहा था, उसकी मौत की खबर ने परिवार की दुनिया ही उजाड़ दी। ओमान तट के निकट जहाज पर हुए हमले में डैक कैडेट आदित्य शर्मा की मौत ने परिवार को ऐसा जख्म दिया है, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी। माता-पिता का इकलौता बेटा अब हमेशा के लिए उनसे दूर चला गया। घर में जहां कुछ दिन पहले बेटे के आने की बातें हो रही थीं, वहीं अब हर तरफ मातम पसरा हुआ है राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पढ़ाई पूरी करने के बाद आदित्य को 25 नवंबर 2025 को पहली नौकरी मिली थी। ऑयल शिप पर नियुक्ति मिलने से वह बेहद खुश था। परिवार को भी बेटे के उज्ज्वल भविष्य से बड़ी उम्मीदें थीं।

## पश्चिम बंगाल: ममता बनर्जी के खिलाफ FIR, सांप्रदायिक टिप्पणी करने के मामले में केस दर्ज



Mamata Banerjee FIR News: पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में बगावत के बीच पूर्व सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ बंगाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। ममता बनर्जी के खिलाफ यह एफआईआर सांप्रदायिक टिप्पणी के लिए दर्ज गई है। कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में ममता बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता बनर्जी पर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में धरने के मंच से भाषण में सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में BNS की धाराओं 196 (1), 351 (2) और 352 के तहत दर्ज किया गया है। सांप्रदायिक टिप्पणी के लिए केस दर्ज होने केबाद ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ममता बनर्जी के खिलाफ यह एफआईआर ऐसे वक्त पर हुई है जब उनके भतीजे बंगाल में चुनावों में हिंसा के साथ-साथ विधायकों के फर्जी दस्तखत करने के आरोपों को लेकर सीआईडी जांच का सामना कर रहे हैं।बता दें कि एडवोकेट रिंकी चट्टोपाध्याय सिंह की शिकायत पर सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ममता बनर्जी के खिलाफ मई महीने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई थी। एडवोकेट रिंकी चट्टोपाध्याय ने आरोप लगाया गया था कि टीएमसी प्रमुख ने सनातन धर्म को न सिर्फ गंदा धर्म कर धार्मिक भावनाओं को आहत किया, बल्कि यह भी कहा कि एक खास समुदाय दूसरों को पांच मिनट में खत्म कर सकता है।

## Kane Williamson ने पूरी दुनिया को किया हैरान, अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास, 16 साल के करियर का अंत




Kane Williamson Retirement: न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने 16 साल के शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वे 19,346 रनों के साथ न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। क्रिकेट जगत से इस समय की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। न्यूजीलैंड के सबसे सफल ऑल-फॉर्मेट रन-स्कोरर और इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में शुमार केन विलियमसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। नवंबर में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा करने वाले 35 साल के विलियमसन ने अब टेस्ट और वनडे क्रिकेट से भी पूरी तरह दूरी बनाने का फैसला किया है। विलियमसन के इस अचानक लिए गए फैसले से उनके चाहने वाले काफी निराश है केन विलियमसन के इस फैसले के साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट के एक सुनहरे और ऐतिहासिक अध्याय का अंत हो गया है। साल 2010 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले विलियमसन ने 16 साल तक कीवी टीम की सेवा की। इस दौरान उनके बल्ले से कई ऐसे रिकॉर्ड निकले जिन्हें तोड़ पाना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होगा। वे न्यूजीलैंड के लिए तीनों प्रारूपों में कुल 378 मैच खेल चुके हैं। विलियमसन 19,346 रनों के साथ न्यूजीलैंड के क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में विदा हो रहे हैं।

## Jaspal Rana Death: दिग्गज शूटर और मनु भाकर के कोच जसपाल राणा का 49 साल की उम्र में निधन, देश के लिए जीते थे कई मेडल



देश के प्रसिद्ध पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया. राणा का निधन किस वजह से हुआ इस बारे में मैक्स अस्पताल के कार्डियक साइंस विभाग के ग्रुप चैयरमेन डॉ बलबीर सिंह ने बताया है. देश के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक जसपाल राणा का शुक्रवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया. उनके निधन के कारणों के बारे में दिल्ली के मैक्स अस्पताल ने बताया है. मैक्स अस्पताल में कार्डियक विभाग के ग्रुप चैयरमेन डॉ बलबीर सिंह ने बताया कि जसपाल राणा को तीन दिन पहले ही हार्ट अटैक आ चुका था, लेकिन इस दौरान वह यात्रा कर रहे थे. तीन दिनों से ही उनको छाती में तेज दर्द था, लेकिन वह अस्पताल नहीं गए थे. ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में उन्होंने सीने के दर्द को आम परेशानी समझा और इसपर ध्यान न दिया हो, लेकिन जब वह भारत पहुंचे और हालत बिगड़ी तब उनको अस्पताल लाया गया. डॉ बलबीर ने बताया कि जसपाल राणा जब अस्पताल पहुंचे, तब उनकी हालत काफी गंभीर थी. जांच के दौरान पता चला कि उनके हार्ट की एक आर्टरी पूरी तरह ब्लॉक हो गई थी. इस वजह से उनको हार्ट अटैक आया था

## तब्बू के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी कटरीना कैफ? 'चांदनी बार 2' से होगा कमबैक



खबरों के मुताबिक, कटरीना कैफ मधुर भंडारकर की 'चांदनी बार 2' के लिए बातचीत कर रही हैं. सूत्रों का कहना है कि इस सीक्वल में रेड-लाइट एरिया और क्राइम की दुनिया को फिर से दिखाया जाएगा. बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ के फैंस के लिए एक धमाकेदार खबर सामने आ रही है. पिछले काफी समय से बड़े पर्दे और लाइमलाइट से दूर रहीं कटरीना अब सिनेमा जगत में एक ऐसे प्रोजेक्ट से वापसी करने की तैयारी में हैं. बताया जा रहा है कि कटरीना कैफ फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर की साल 2001 में आई कल्ट क्लासिक फिल्म 'चांदनी बार' के सीक्वल के लिए मेकर्स के साथ बातचीत कर रही हैं. अब देखना यह होगा कि कोर्ट और एसोसिएशन की इस कानूनी खींचतान के बीच कटरीना कैफ और तब्बू स्टारर यह फिल्म कब तक फ्लोर पर आ पाती है.


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
FUTURE-READY INVESTMENT, LIMITLESS POSSIBILITIES
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
DEALING IN DHOLERA SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Trusted Name for Secure Investments
Premium Projects for a Better Tomorrow
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509, 8708565733 | www.antradevelopers.com


Antra
Antra Developers
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
YOUR VISION. OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


OICCI
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
You Are Invited
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com



## Delhi News: दिल्ली में कोचिंग सेंटर्स की मनमानी पर लगेगी रोक, बनेगा नया कानून

दिल्ली सरकार कोचिंग सेंटर्स की मनमानी पर रोक लगाने के लिए नए नियम बनाने जा रही है। नोडल अधिकारी नियुक्त कर ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। सरकार स्टूडेंट्स की सुरक्षा को गंभीरता से ले रही है और गाइडलाइंस तैयार की जाएंगी। दिल्ली इस क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। राजधानी दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को चलाने के लिए सरकार नए नियम-कानून बनाने जा रही है। नई नीति के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए सरकार ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। राजधानी में चल रहे कोचिंग संस्थानों के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार करने शुरू भी कर दी है। दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार कोचिंग संस्थानों के मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और स्टूडेंट्स सुरक्षित हों, इसके लिए गाइडलाइंस तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स दिल्ली में कोचिंग के लिए आते है, इसलिए दिल्ली इस क्षेत्र में व्यापक नियम-कानून लागू करने वाला अग्रणी राज्य बनने जा रहा है।







